जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।

# 2025

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
1151362

कोड : BIRU-14

विषय : सामान्य अध्ययन एवं दर्शनशास्त्र

भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30

भाग – II : दर्शनशास्त्र : प्रश्न संख्या 31 से 120

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 150

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में / शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

**अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर**

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सीलड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. **पारदर्शी सीलड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।**
3. अभ्यर्थी **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन **चारों** में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – I / भाग – I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. The Cultural and Educational Right in Indian Constitution is guaranteed by the following
   (a) Art. 28 and Art. 29
   (b) Art. 27 and Art. 28
   (c) Art. 29 and Art. 30
   (d) None of the above

2. The definition of health as "a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease and infirmity" is given by
   (a) UNICEF (b) UNDP
   (c) FAO (d) WHO

3. Which gas is responsible for the greenhouse effect ?
   (a) Hydrogen (b) Carbon dioxide
   (c) Nitrogen (d) Oxygen

4. Which variety of coffee initially brought from Yemen, is produced in India and is in great demand worldwide ?
   (a) Liberica (b) Arabica
   (c) Excelsa (d) Robusta

5. When lead nitrate powder is heated in a boiling tube, brown fumes are evolved. These fumes are of
   (a) PbO (b) $O_2$
   (c) NO (d) $NO_2$

6. Fill in the blank.
   AI, EO, IU, ______, UE
   (a) UA (b) OI
   (c) OA (d) OU

1. भारतीय संविधान में संस्कृति और शिक्षा सम्बंधी अधिकार निम्न द्वारा प्रदान किया गया है
   (a) अनु. 28 और अनु. 29
   (b) अनु. 27 और अनु. 28
   (c) अनु. 29 और अनु. 30
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. स्वास्थ्य की परिभाषा जिसे "सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण अवस्था के रूप में देखा जाता है और जो केवल रोग और दुर्बलता की अनुपस्थिति नहीं है", दी गयी है
   (a) UNICEF द्वारा (b) UNDP द्वारा
   (c) FAO द्वारा (d) WHO द्वारा

3. ग्रीनहाउस प्रभाव (हरितगृह प्रभाव) के लिए कौन-सी गैस जिम्मेदार है ?
   (a) हाइड्रोजन (b) कार्बन डाईऑक्साइड
   (c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन

4. कॉफी की कौन-सी किस्म, जो शुरू में यमन से लाई गयी थी, भारत में उत्पादित की जाती है और दुनिया भर में उसकी बहुत माँग है ?
   (a) लिबेरिका (b) अरेबिका
   (c) एक्सेल्सा (d) रोबस्टा

5. जब लेड नाइट्रेट पावडर को एक क्वथन नली में गरम किया जाता है, भूरे रंग की फ्यूम्स निकलती है, ये फ्यूम्स है
   (a) PbO (b) $O_2$
   (c) NO (d) $NO_2$

6. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
   AI, EO, IU, ______, UE
   (a) UA (b) OI
   (c) OA (d) OU

7. Which one of the following is NOT properly matched ?

(a) $73^{rd}$ Constitutional Amendment Act – Panchayati Raj

(b) $44^{th}$ Constitutional Amendment Act – Abolition of the Right to Property as Fundamental Right

(c) $74^{th}$ Constitutional Amendment Act – Centre-State Relations

(d) $42^{nd}$ Constitutional Amendment Act – Fundamental Duties

8. In the semi-arid regions of Rajasthan, what were the traditional underground tanks for storing drinking water called ?

(a) Guls (b) Johads

(c) Tankas (d) Khadins

9. In a certain code language 'HIM-ACE' is written as 21. How will 'SIP-TAG' be written in that code language ?

(a) 14 (b) 16

(c) 19 (d) 12

10. First Indian astronaut who visited International Space Station is

(a) Raja Chari (b) Kalpana Chawla

(c) Shubhanshu Shukla (d) Rakesh Sharma

11. When and where did the first session of the Indian National Congress take place and how many delegates participated in it ?

(a) December 1885, Calcutta, 72 delegates

(b) December 1880, Bombay, 70 delegates

(c) December 1885, Bombay, 72 delegates

(d) December 1885, Bombay, 69 delegates

12. Which of the following best explains the concept of sustainable development ?

(a) Development focused only on economic growth

(b) Development that meets present needs without harming future needs

(c) Development controlled by international institutions

(d) Development without using natural resources

7. निम्न में से कौन एक सुमेलित **नहीं** है ?

(a) 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – पंचायती राज

(b) 44 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – सम्पत्ति के अधिकार का मौलिक अधिकार के रूप में निरसन

(c) 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – केन्द्र-राज्य सम्बन्ध

(d) 42 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – मौलिक कर्तव्य

8. राजस्थान के अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में पीने के पानी के भण्डारण के लिए पारम्परिक भूमिगत टैंकों को क्या कहा जाता है ?

(a) गुल्स (b) जोहड

(c) टंका (d) खादीन

9. किसी निश्चित कोड भाषा में 'HIM-ACE' को 21 लिखा जाता है । उसी कोड भाषा में 'SIP-TAG' को किस प्रकार लिखा जायेगा ?

(a) 14 (b) 16

(c) 19 (d) 12

10. अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री है

(a) राजा चारी (b) कल्पना चावला

(c) शुभांशु शुक्ला (d) राकेश शर्मा

11. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन कब और कहाँ हुआ तथा इसमें कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?

(a) दिसम्बर 1885, कलकत्ता, 72 प्रतिनिधि

(b) दिसम्बर 1880, बम्बई, 70 प्रतिनिधि

(c) दिसम्बर 1885, बम्बई, 72 प्रतिनिधि

(d) दिसम्बर 1885, बम्बई, 69 प्रतिनिधि

12. निम्नलिखित में से कौन सतत विकास की अवधारणा को सबसे अच्छी तरह से समझाता है ?

(a) केवल आर्थिक विकास पर आधारित विकास

(b) वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को नुकसान पहुंचाए बिना विकास

(c) अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा नियंत्रित विकास

(d) प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग के बिना विकास

13. Which Constitutional authority determines the disqualification of MP's of Lok Sabha under the 10th Schedule ?
(a) Supreme Court
(b) President
(c) Speaker of the Lok Sabha
(d) Election Commission

*14.* The terms Micro-Economics and Macro-Economics were first coined by
(a) Adam Smith (b) Alfred Marshall
(c) J. M. Keynes (d) Ragnar Frisch

15. Bhagat Singh was the founding Secretary of which of the following organisation ?
(a) H.S.R.A.
(b) Punjab Naujawan Bharat Sabha
(c) Kirti Kisan Party
(d) Lahore Student's Union

16. The Viksit Bharat Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Act, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), represents a significant upgrade over MGNREGA because in MGNREGA
A. Structural weaknesses
B. Not able to enhance rural employment
C. Absence of transparency and planning
D. Absence of accountability
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(a) B and C (b) C and D
(c) All of the above (d) A and B

*17.* Arrange the following Prime Ministers of India in chronological order of their tenure.
1. Charan Singh
2. V. P. Singh
3. H. D. Deve Gowda
4. P. V. Narasimha Rao
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 1, 2, 4, 3
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 2, 3, 1, 4

13. कौन–सा संवैधानिक प्राधिकारी 10 वीं अनुसूची के तहत लोकसभा सांसदों की अयोग्यता का निर्धारण करता है ?
(a) उच्चतम न्यायालय
(b) राष्ट्रपति
(c) लोकसभा का अध्यक्ष
(d) चुनाव आयोग

*14.* व्यष्टि–अर्थशास्त्र तथा समष्टि–अर्थशास्त्र का सर्वप्रथम निर्माण किसने किया ?
(a) एडम स्मिथ (b) अल्फ्रेड मार्शल
(c) जे. एम. कीन्स (d) रेग्नर फ्रिश

15. भगत सिंह निम्नलिखित में से किस संस्था के संस्थापक सचिव थे ?
(a) एच.एस.आर.ए.
(b) पंजाब नौजवान भारत सभा
(c) कीर्ति किसान पार्टी
(d) लाहौर छात्र संघ

16. विकसित भारत गारन्टी रोज़गार आजिविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), MGNREGA की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नयन का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि MGNREGA में
A. संरचनात्मक कमजोरियाँ
B. ग्रामीण रोजगार बढ़ाने में असमर्थ
C. पारदर्शिता और योजना का अभाव
D. जवाबदेही का अभाव
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :
**कूट :**
(a) B एवं C (b) C एवं D
(c) उपरोक्त सभी (d) A एवं B

*17.* निम्नलिखित भारत के प्रधानमन्त्री को उनके कार्यकाल के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।
1. चरण सिंह
2. वी. पी. सिंह
3. एच. डी. देवेगौडा
4. पी. वी. नरसिम्हा राव
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 1, 2, 4, 3
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 2, 3, 1, 4

18. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A) :** Khadar soil is more fertile than Bangar soil.

**Reason (R) :** Khadar is new alluvial soil which has a higher concentration of fine particles and less kankar nodules.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) (A) is true, but (R) is false
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A)

19. Where was U.N. Climate Summit, COP30 held ?

(a) Nigeria (b) China
(c) Indonesia (d) Brazil

20. Who presented the Nebular hypothesis, regarding the origin of the earth ?

(a) Sir James Jeans (b) Chamberlin
(c) Jeffery (d) Laplace

21. Which of the following Indian festival has been included recently in UNESCO Intangible Cultural Heritage List ?

(a) Pongal (b) Onam
(c) Deepawali (d) Holi

22. How many members does the President of India nominate in Rajya Sabha ?

(a) 10 members (b) 12 members
(c) 20 members (d) 15 members

23. Under which title has Dara Shikoh translated fifty two upanishads into Persian language ?

(a) Majm-ul-Bahrin
(b) Risal-e-Haqnuma
(c) Sirr-i-Akbar
(d) Safinat-ul-Auliya

18. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** खादर मिट्टी, बाँगर मिट्टी की तुलना में अधिक उपजाऊ होती है ।

**कारण (R) :** खादर नई जलोढ़ मिट्टी है जिसमें महीन कणों की सांद्रता अधिक और कंकड ग्रन्थियाँ कम होती हैं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(a) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, (R), (A) की सही व्याख्या है

19. संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन, COP30 कहाँ सम्पन्न हुई ?

(a) नाइजीरिया (b) चीन
(c) इन्डोनेशिया (d) ब्राजील

20. पृथ्वी की उत्पत्ति से सम्बंधित निहारिका परिकल्पना किसने प्रस्तुत की ?

(a) सर जेम्स जीन्स (b) चैम्बरलिन
(c) जेफरी (d) लाप्लास

21. यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में हालही में किस भारतीय त्यौहार को शामिल किया गया है ?

(a) पोंगल (b) ओणम/ओनम
(c) दीपावली (d) होली

22. भारत का राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करता है ?

(a) 10 सदस्य (b) 12 सदस्य
(c) 20 सदस्य (d) 15 सदस्य

23. दारा शिकोह ने बावन उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद किस शीर्षक से किया ?

(a) मज्म-उल-बहरीन
(b) रिसाल-ए-हकनुमा
(c) सिर्र-ए-अकबर
(d) सफीनत-उल-औलिया

24. Consider the following statements with reference to present Chief Justice of India.
   1. Present Chief Justice of India is Justice Surya Kant.
   2. Surya Kant is $52^{nd}$ Chief Justice of India.

   Select the correct answer from the code given below :

   **Code :**

   (a) Only 2 (b) Both 1 and 2
   (c) Neither 1 nor 2 (d) Only 1

25. In which region of the world are the highest number of volcanoes found ?
   (a) Indian oceanic belt
   (b) Atlantic belt
   (c) Circum pacific belt
   (d) Mid continental belt

26. When and where was Guru Nanak Ji, the founder of Sikhism born ?
   (a) 1479, Amritsar (b) 1489, Talwandi
   (c) 1489, Amritsar (d) 1469, Talwandi

27. Recent terminology used for repayment of public debt that is preferred, is
   (a) Repudiation
   (b) Transfer moratorium
   (c) Return of public debt
   (d) Suspension of payments

28. Which of the following Academy was founded by the Ninth Century Abbasid Caliph Al-Mamun, which undertook the ambitious project of translating Greek, Persian and Sanskrit texts on Philosophy and Science into Arabic ?
   (a) Dar-al-Ilm
   (b) Al-Azhar Mosque and University
   (c) Al-Nizamiyya
   (d) Bayt-al-Hikmah

29. The first Indian woman to win Mrs. Universe crown
   (a) Sherry Singh (b) Jeevika Jha
   (c) Sumona Chatterji (d) Promila Rani

30. Which of the following is NOT correctly matched ?

| **(Education Commission)** | **(Year)** |
|---|---|
| (a) Sir Charles Wood's Despatch on Education | – 1854 |
| (b) University Grants Commission | – 1953 |
| (c) The Indian Universities Act | – 1917 |
| (d) Radha Krishnan Commission | – 1948-49 |

24. भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
   1. न्यायमूर्ति सूर्य कान्त भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं ।
   2. सूर्य कान्त भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश हैं ।

   नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

   **कूट :**

   (a) केवल 2 (b) 1 और 2 दोनों
   (c) न तो 1 न ही 2 (d) केवल 1

25. विश्व के किस क्षेत्र में सर्वाधिक ज्वालामुखी पाए जाते हैं ?
   (a) हिन्द महासागरीय मेखला
   (b) अन्ध महासागरीय मेखला
   (c) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला
   (d) मध्य महाद्वीपीय मेखला

26. सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
   (a) 1479, अमृतसर (b) 1489, तलवंडी
   (c) 1489, अमृतसर (d) 1469, तलवंडी

27. सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान के लिए आजकल प्रयुक्त शब्दावली जिसे प्राथमिकता दी जाती है, वह है
   (a) अस्वीकृति
   (b) स्थानांतरण स्थगन
   (c) सार्वजनिक ऋण की वापसी
   (d) भुगतान का निलम्बन

28. नौवीं सदी के अबासिद खलीफा अल-मामुन ने निम्न में से किस अकादमी की स्थापना की, जिसमें दर्शन और विज्ञान पर यूनानी, फ़ारसी और संस्कृत के ग्रन्थों का अरबी में अनुवाद करने का महत्वाकांक्षी परियोजना को हाथ में लिया ?
   (a) दार-अल-इल्म
   (b) अल-अज़हर मस्जिद एवं विश्वविद्यालय
   (c) अल-निज़ामिया
   (d) बयत-अल-हिक्मा

29. मिसेज यूनीवर्स का ताज जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला है
   (a) शेरी सिंह (b) जीविका झा
   (c) सुमोना चटर्जी (d) प्रोमिला रानी

30. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| **(शिक्षा आयोग)** | **(वर्ष)** |
|---|---|
| (a) शिक्षा पर सर चार्ल्स वुड्स डिस्पैच | – 1854 |
| (b) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | – 1953 |
| (c) भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | – 1917 |
| (d) राधा कृष्णन आयोग | – 1948-49 |

## Part – II / भाग – II
## Philosophy / दर्शनशास्त्र

31. Consider the following four steps in Locke's epistemology :

1. Comparison of ideas
2. Retention of ideas
3. Discernment of ideas
4. Perception of ideas

The correct order of the above steps is :

(a) 2, 3, 4, 1

(b) 3, 4, 1, 2

(c) 1, 2, 3, 4

(d) 4, 2, 3, 1

31. लॉक की ज्ञानमीमांसा के निम्नलिखित चार बिदुओं पर विचार कीजिए :

1. प्रत्ययों की तुलना
2. प्रत्ययों की धारणा
3. प्रत्ययों का परख
4. प्रत्ययों का पत्यक्ष

उपरोक्त बिन्दुओं का सही क्रम है :

(a) 2, 3, 4, 1

(b) 3, 4, 1, 2

(c) 1, 2, 3, 4

(d) 4, 2, 3, 1

32. Evil is the negation or privation of good. Who propounded this view ?

(a) St. Augustine

(b) St. Anselm

(c) Descartes

(d) Plato

32. अशुभ शुभ का निषेध या अभाव है । यह मत किसने प्रतिपादित किया ?

(a) सन्त अगस्टाईन

(b) सन्त ऐन्सेल्म

(c) डेसकार्टेस

(d) प्लेटो

33. 'Nantariyakarth darshnam Tadvidaanumanam' – This definition of anumana belongs to

(a) Udyotakar

(b) Dignaga

(c) Gangesh Upadhyay

(d) Dharmakirti

33. 'नान्तरीयकार्थ दर्शनं तद्विदानुमानम्' – अनुमान की यह परिभाषा किसने दी है ?

(a) उद्योतकर

(b) दिग्नाग

(c) गंगेश उपाध्याय

(d) धर्मकीर्ति

34. "To think of an object as desirable and to think of it as pleasant are one and the same things" is the basis of ethical theory of

(a) Mill (b) Sidgwick

(c) Kant (d) Bentham

34. "किसी वस्तु की इच्छा करना और उसे सुखद समझना दोनों एक ही बात है" यह किसके नैतिक सिद्धान्त का आधार है ?

(a) मिल (b) सिजविक

(c) कांट (d) बेंथम

35. Who has refuted the theory of causation ?
(a) Hume
(b) Descartes
(c) Locke
(d) None of the above

36. The form of standard form categorical syllogism consists
(a) Figure
(b) Mood
(c) Mood and figure
(d) None of the above

37. Which one of the following does NOT belong to Sadhana marg in Mahāyān Sutra ?
(a) Paramitāa Satak
(b) Brahma Vihar
(c) Trikāya
(d) Dhyan Chatustay

38. With which one of the following Madhva does not agree ?
(a) He does not believe in Ramanuja's Aprithak Siddha Sambandh
(b) There is no qualitative difference between Jiva and Jagat
(c) God is efficient cause of the World and Nature (Prakriti) is the material cause
(d) He does not accord Jiva and Jagat as the body of God

39. Which of the following thought is NOT true about Marxism ?
(a) This is based on materialistic philosophy
(b) It aims to bring change through non-violent means
(c) It supports bloodshed revolution
(d) According to this end justified the means

35. किसने कारणता के सिद्धांत का खण्डन किया है ?
(a) ह्यूम
(b) डेसकार्टेस
(c) लाक
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. एक मानक आकार निरपेक्ष न्यायवाक्य के आकार में शामिल है
(a) आकृति
(b) विन्यास
(c) विन्यास और आकृति
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

37. निम्नलिखित में से कौन एक महायान सूत्र के साधनामार्ग में सम्मिलित **नहीं** है ?
(a) पारमिता शतक
(b) ब्रहम विहार
(c) त्रिकाय
(d) ध्यान चतुष्टय

38. अधोलिखित में से कौन-से एक मत से माधवा सहमत नहीं है ?
(a) वे रामानुज के अपृथक् सिद्ध सम्बन्ध को नहीं मानते हैं
(b) जीव तथा जगत में कोई गुणात्मक अंतर नहीं है
(c) ईश्वर जगत का निमित्त कारण तथा प्रकृति को जगत का उपादान कारण मानते है
(d) वो जीव व जगत दोनों को ईश्वर का शरीर नहीं मानते हैं

39. निम्नलिखित में से कौन-सी विचार मार्क्सवाद के विषय में सत्य **नहीं** है ?
(a) यह भौतिकवादी दर्शन पर आधारित है
(b) यह अहिंसात्मक साधनों से परिवर्तन लाना चाहता है
(c) यह रक्तरंजित क्रांति का पक्षधर है
(d) इसके अनुसार साध्य, साधन के औचित्य को सिद्ध करता है

40. Which one of the following statements is NOT acceptable to Hegel ?

(a) Absolute idea is constantly changing.

(b) Whole world is outcome of this absolute idea.

(c) Real is rational and rational is real.

(d) Absolute idea is the only reality.

41. The correct sequence of first four Sanskaras is

(a) Punsavana, Garbhadhana, Seemantonnayana, Jatakarma

(b) Garbhadhana, Punsavana, Jatakarma, Seemantonnayana

(c) Garbhadhana, Punsavana, Seemantonnayana, Jatakarma

(d) Garbhadhana, Seemantonnayana, Punsavana, Jatakarma

42. The correct sequence of the process of bondage and liberation of Jiva according to Jainism is

(a) Samvar, Nirjara, Moksa, Asrava, Bandh

(b) Asrava, Bandh, Samvar, Nirjara, Moksa

(c) Nirjara, Moksa, Asrava, Bandh, Samvar

(d) Bandh, Samvar, Nirjara, Moksa, Asrava

43. Which methods are accepted for establishing vyāpti in Nyaya ?

I. Anvaya

II. Vyatireka

III. Tarka

IV. Pratyaksa alone

Choose the correct answer :

(a) II and IV only

(b) I, II and III

(c) I, II, III and IV

(d) I and II only

40. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हेगेल को स्वीकार्य **नहीं** है ?

(a) निरपेक्ष प्रत्यय सतत परिवर्तनशील है ।

(b) सम्पूर्ण विश्व निरपेक्ष प्रत्यय का परिणाम है ।

(c) जो यथार्थ है वह विवेकपूर्ण है, और जो विवेकपूर्ण है वह यथार्थ है ।

(d) निरपेक्ष प्रत्यय ही एकमात्र सत्य है ।

41. प्रथम चार संस्कारों का सही अनुक्रम है

(a) पुंसवन, गर्भाधान, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म

(b) गर्भाधान, पुंसवन, जातकर्म, सीमन्तोन्नयन

(c) गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म

(d) गर्भाधान, सीमन्तोन्नयन, पुंसवन, जातकर्म

42. जैनदर्शन के अनुसार, बंधन एवं मुक्ति के सम्बंध में दिये गए अनुक्रम में सही कौन है ?

(a) संवर, निर्जरा, मोक्ष, आस्रव, बंध

(b) आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष

(c) निर्जरा, मोक्ष, आस्रव, बंध, संवर

(d) बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष, आस्रव

43. न्यायदर्शन में व्याप्ति की स्थापना के लिए कौन-सी विधियाँ स्वीकृत है ?

I. अन्वय

II. व्यतिरेक

III. तर्क

IV. केवल प्रत्यक्ष

सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल II और IV

(b) I, II और III

(c) I, II, III और IV

(d) केवल I और II

44. Which one of the following statements is acceptable to Kant ?

(a) Time is neither form of inner sense nor outer sense.

(b) Time is the form of inner sense and space is the form of outer sense.

(c) Space is neither form of inner sense nor outer sense.

(d) Time is the form of outer sense and space is the form of inner sense.

45. According to Nyāya Philosophy Pakṣadharmata is

(a) Presence of middle term in the minor term

(b) Invariable relationship between minor term and middle term

(c) Presence of middle term in the major term

(d) Invariable relationship between middle term and major term

46. "Arthakriya Karitva Lakshnam Sat", this definition is related with

(a) Jiva (b) World

(c) Soul (d) Reality

47. How does 'ethical hedonism' differ from 'psychological hedonism' ?

(a) Ethical hedonism claims pleasure is the only thing we ought to desire; psychological hedonism claims it is the only thing we actually desire

(b) Ethical hedonism is about social welfare; while psychological hedonism is about personal duty

(c) There is no distinction

(d) Ethical hedonism describes how we do act; psychological hedonism how we ought to act

44. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन कांट को स्वीकार्य है ?

(a) काल न तो आन्तरिक और न ही बाह्य संवेदना का आकार है ।

(b) काल आन्तरिक संवेदना का आकार है और देश बाह्य संवेदना का आकार है ।

(c) देश न तो आन्तरिक संवेदना का आकार है और न ही बाह्य संवेदना का आकार है ।

(d) काल बाह्य संवेदना का आकार है और देश आन्तरिक संवेदना का आकार है ।

45. न्याय दर्शन के अनुसार पक्षधर्मता है

(a) हेतुपद की पक्षपद में विद्यमानता

(b) पक्षपद और हेतुपद के बीच अवियोज्य सम्बन्ध

(c) हेतुपद की साध्यपद में विद्यमानता

(d) हेतुपद और साध्यपद के बीच अवियोज्य सम्बन्ध

46. "अर्थक्रिया कारित्व लक्षणं सत्", यह परिभाषा सम्बन्धित है

(a) जीव से (b) जगत से

(c) आत्मा से (d) सत् से

47. 'नैतिक सुखवाद' 'मनोवैज्ञानिक सुखवाद' से किस प्रकार भिन्न है ?

(a) नैतिक सुखवाद का दावा है कि सुख ही एकमात्र ऐसी चीज है जिसकी हमें इच्छा करनी चाहिए; मनोवैज्ञानिक सुखवाद का दावा है कि यह एकमात्र ऐसी चीज है जिसकी हमें वास्तव में इच्छा करती रहना है

(b) नैतिक सुखवाद सामाजिक कल्याण के बारे में है; जबकि मनोवैज्ञानिक सुखवाद व्यक्तिगत कर्तव्य के बारे में है

(c) इनमें कोई अंतर नहीं है

(d) नैतिक सुखवाद बताता है कि कार्य कैसे करते है; मनोवैज्ञानिक सुखवाद बताता है कि हमें कार्य कैसे करना चाहिए

48. In Jain ethics the distinction between 'Anuvrata' and 'Mahavrata' is based on

(a) The geographical location of the practitioner

(b) The gender of the practitioner

(c) The specific deity being worshipped

(d) The degree of rigor, depending on whether one is a householder or a monk

48. जैन नीतिशास्त्र में 'अणुव्रत' और 'महाव्रत' के बीच का अंतर किस पर आधारित है ?

(a) अभ्यासी का भौगोलिक स्थान

(b) अभ्यासी का लिंग

(c) पूजा जाने वाला विशिष्ट देव

(d) कठोरता का सोपान इस पर निर्भर करता है कि कोई ग्रहस्थ है या फिर सन्यासी

49. Consider according to Aristotle :

I. Matter and form are opposed to each other.

II. Matter and form are inseparable.

III. Matter is potentiality, form is actuality.

Select your answer according to the code given below.

**Code :**

(a) I and II are true

(b) II and III are true

(c) I is true and II is false

(d) I and III are true

49. अरस्तु के अनुसार विचार कीजिए :

I. पदार्थ और आकार परस्पर विरुद्ध है ।

II. पदार्थ और आकार अपृथक है ।

III. पदार्थ क्षमता है, आकार वास्तविकता है ।

नीचे दिए गए कूट के अनुसार अपने उत्तर का चयन करें ।

**कूट :**

(a) I और II सत्य है

(b) II और III सत्य है

(c) I सत्य है और II असत्य है

(d) I और III सत्य है

50. Regarding Buddhist theory of reality, which one of the following statements is true ?

(a) Particulars (Svalakṣana) are real in space and time.

(b) Particulars (Svalakṣana) are ever changing.

(c) Particulars (Svalakṣana) are nameable.

(d) Particulars (Svalakṣana) are not in motion.

50. सत् सम्बन्धी बौद्धमत के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त सत्य है ?

(a) स्वलक्षण देश और काल में सत् होते है ।

(b) स्वलक्षण सतत् परिवर्तनशील होते है ।

(c) स्वलक्षण नाम-योग्य है ।

(d) स्वलक्षण गतिमान नहीं होते है ।

51. The hill has fire, because it is knowable. This inference commits the fallacy of

(a) Asiddha hetavabhasa

(b) Sadharana Savyabhichar hetavabhasa

(c) Asadharana Savyabhichar hetavabhasa

(d) Badhita hetavabhasa

51. पर्वत पर आग है, क्योंकि वह ज्ञेय है । इस अनुमान में निहित तर्कदोष है

(a) असिद्ध हेत्वाभास

(b) साधारण सव्यभिचार हेत्वाभास

(c) असाधारण सव्यभिचार हेत्वाभास

(d) बाधित हेत्वाभास

52. Which of the following is NOT Chittabhoomi ?

(a) Niruddh (b) Akagra

(c) Nidra (d) Mud

53. Which one of the following is correct according to Butler ethics ?

(a) Conscience > Passions > Self love and benevolence

(b) Passions > Self love and benevolence > Conscience

(c) Conscience > Self love and benevolence > Passions

(d) Passions > Conscience > Self love and benevolence

54. Which political theory propounds that 'Everything is in the State, nothing is against and outside the state.' ?

(a) Fascism

(b) Theocracy

(c) Marxism

(d) Anarchism

55. The four stages of 'Ashrama' and their chronological order clearly described in

(a) Chandogya Upnisad

(b) Aitareya Brahman

(c) Jabalopanishad

(d) All of the above

56. Which of the following expresses contingent ?

(a) $P \supset \sim P$

(b) $P . \sim P$

(c) $\sim P \vee P$

(d) $P \vee \sim P$

52. निम्नलिखित में चित्तभूमि **नहीं** है ?

(a) निरुद्ध (b) एकाग्र

(c) निद्रा (d) मूढ़

53. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बटलर के नीतिशास्त्र के अनुसार सत्य है ?

(a) अन्तविवेक > जुनून > आत्मप्रेम और परहित

(b) जुनून > आत्मप्रेम और परहित > अन्तविवेक

(c) अन्तविवेक >आत्मप्रेम और परहित > जुनून

(d) जुनून > अन्तविवेक >आत्मप्रेम और परहित

54. कौन-सा राजनीतिक सिद्धांत प्रतिपादित करता है कि 'सबकुछ राज्य के अंतर्गत है, राज्य के विरुद्ध और उसके बाहर कुछ नहीं है।' ?

(a) फांसीवाद

(b) धर्मतंत्र

(c) मार्क्सवाद

(d) अराजकतावाद

55. 'आश्रम' के चार चरण और उनका कालानुक्रम स्पष्ट रूप से वर्णित है

(a) छान्दोग्य उपनिषद

(b) ऐतरेय ब्राहमण

(c) जबालोपनिष्द

(d) उपरोक्त सभी

56. निम्न में से कौन संभाव्य को व्यक्त करता हैं ?

(a) $P \supset \sim P$

(b) $P . \sim P$

(c) $\sim P \vee P$

(d) $P \vee \sim P$

57. Match the Vaisesika's categories with their characteristics :

| | |
|---|---|
| I. Dravya | A. Inherence |
| II. Guna | B. Substance |
| III. Karma | C. Motion |
| IV. Samavāya | D. Quality |

(a) I – B II – C III – D IV – A
(b) I – D II – B III – C IV – A
(c) I – B II – D III – C IV – A
(d) I – A II – D III – B IV – C

58. Statement form (P∨Q) is logical equal (≡) to

(a) ~(P.~Q) (b) ~(~P∨~Q)
(c) ~(~P.Q) (d) ~(~P.~Q)

59. According to yoga philosophy the correct sequence of Chittabhumi is

(a) Niruddha, Muḍha, Vikṣipta, Ekagra, Kṣipta
(b) Muḍha, Kṣipta, Vikṣipta, Ekagra, Niruddha
(c) Kṣipta, Muḍha, Vikṣipta, Ekagra, Niruddha
(d) Ekagra, Niruddha, Muḍha, Kṣipta, Vikṣipta

60. Which of the following is NOT a method of political action ?

(a) Satyagrah (b) Constitutionalism
(c) Multiculturalism (d) Terrorism

61. Consider according to Charvaka :

1. Sensual pleasure is the Summum-bonum of life.
2. There is no rebirth.
3. Soul is immortal.
4. Matter is the only reality.

Which statements are acceptable to Carvaka ? Select your answer from the code given below :

**Code :**

(a) 2, 3 and 4 (b) 1, 2 and 4
(c) 1, 3 and 4 (d) 1, 2 and 3

57. वैशेषिक दर्शन के पदार्थों को उनके लक्षणों से सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| I. द्रव्य | A. अंतर्निहित |
| II. गुण | B. आश्रय |
| III. कर्म | C. गति |
| IV. समवाय | D. विशेषता |

(a) I – B II – C III – D IV – A
(b) I – D II – B III – C IV – A
(c) I – B II – D III – C IV – A
(d) I – A II – D III – B IV – C

58. वाक्य-आकार (P∨Q) तर्कत: समतुल्य है

(a) ~(P.~Q) (b) ~(~P∨~Q)
(c) ~(~P.Q) (d) ~(~P.~Q)

59. योग दर्शन के अनुसार चित्तभूमि का सही क्रम है

(a) निरुद्ध, मूढ़, विक्षिप्त, एकाग्र, क्षिप्त
(b) मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र, निरुद्ध
(c) क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, एकाग्र, निरुद्ध
(d) एकाग्र, निरुद्ध, मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त

60. निम्नलिखित में से कौन-सी एक राजनीतिक क्रियाविधि की पद्धति **नहीं** है ?

(a) सत्याग्रह (b) संविधानवाद
(c) बहुसंस्कृतिवाद (d) आतंकवाद

61. चार्वाक के अनुसार विचार कीजिए :

1. इन्द्रिय सुख ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है ।
2. पुनर्जन्म नहीं होता है ।
3. आत्मा अमर है ।
4. केवल जड़ पदार्थ की सत्ता है ।

चार्वाक को कौन-से कथन स्वीकार्य है ? आप अपने उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिए :

**कुट :**

(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

62. Given below are two statements one is labelled as (A) and other as (R) :

**Assertion (A) :** In Advaita Vedanta, avidyā is neither real nor unreal.

**Reason (R) :** Because avidyā is sublated by Brahma Jñāna but in empirically experienced.

Select the correct answer using the code below :

**Code :**

(a) (A) is true, (R) is false

(b) Both (A) and (R) are true and (R) explains (A)

(c) (A) is false, (R) is true

(d) Both (A) and (R) are true but (R) does not explain (A)

63. Consider the following.

A. Voluntary actions

B. Habitual actions

C. Non-voluntary actions

D. Conduct or character

Which of the above are the object of moral judgement ?

(a) C and D (b) A and B

(c) A, B and D (d) C only

64. Which one of the following is NOT the aspect of social philosophy according to Morris Ginsberg ?

(a) Analytical

(b) Synthetical

(c) Logical

(d) Critical

62. नीचे दो कथन दिये गए है जिनमें एक को (A) तथा दूसरे को (R) के रूप में चिन्हित किया गया है :

**कथन (A) :** अद्वैत वेदान्त में अविद्या न तो वास्तविक है और न ही अवास्तविक ।

**कारण (R) :** क्योंकि अविद्या ब्रह्मज्ञान द्वारा निरस्त हो जाती है, किन्तु प्रयोग के आधार पर अनुभूत होती है ।

नीचे दिये गए कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) (A) सत्य है, (R) असत्य है

(b) (A) और (R) दोनों सत्य है तथा (R), (A) की व्याख्या करता है

(c) (A) असत्य है, (R) सत्य है

(d) (A) और (R) दोनों सत्य है, किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है

63. निम्नलिखित पर विचार कीजिए ।

A. स्वैच्छिक कर्म

B. आदतज्या कर्म

C. अनैच्छिक कर्म

D. आचरण या चरित्र

उपरोक्त में से कौन–सा नैतिक निर्णय के विषय है ?

(a) C और D (b) A और B

(c) A, B और D (d) केवल C

64. मॉरिस गिन्सबर्ग के अनुसार निम्नलिखित में से कौन समाजदर्शन का पक्ष **नहीं** है ?

(a) विश्लेषणात्मक

(b) संश्लेषणात्मक

(c) तार्किक

(d) समीक्षात्मक

65. According to Nyaya philosophy how many kinds of Indriyartha-'Sannikarsh (contact between sense-organ and object) are in ordinary perception ?

(a) 6 (b) 5

(c) 7 (d) 4

66. Which one of the following statement forms is a tautology ?

(a) $A \supset [A \supset (B.\sim B)]$

(b) $(A.B).(A \supset \sim B)$

(c) $(A \supset B) \equiv (\sim B \supset \sim A)$

(d) $[A \supset (A \supset B)] \supset B$

67. "State is the political organisation of society" this statement is of

(a) Deen Dayal Upaddhyaya

(b) M. N. Roy

(c) Dayanand Saraswati

(d) Jai Prakash Narayan

